# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

दूरभाष:0151 -2970177 ई :मेल-registrar@mgsubikaner.ac.in

प.07(170)मगंसिविबी./प्रबन्ध बोर्ड-विशेष/2020/ 354 दिनांक : 02/08/2021

1. प्रो. विनोद कुमार सिंह,माननीय अध्यक्ष- प्रबन्ध बोर्ड,महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,बीकानेर।
2. श्रीमती कृष्ण पूनिया, माननीय विधायक, 297, कृष्णा निवास, वार्ड न. 14, राजगढ जिला-चूरू।
3. श्री जगदीश चन्द्र, माननीय विधायक-सादुलशहर, वार्ड न. 3, रेलवे क्रॉसिंग के पास,सादुलशहर।
4. प्रमुख शासन सचिव, वित्त, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
5. शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
6. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर।
7. संभागीय आयुक्त, बीकानेर।
8. श्री वरूण यादव, A-256, Paramount Golddereste Villa, Sector Zeta 2, UPSIDC Site C, Greater Nodia (U.P.)
9. प्रो. कृपा शंकर तिवाड़ी, 12, सौम्या इन्क्लेव एक्सटेन्शन,कोलार रोड़, चूना भट्टी, भोपाल।
10. डॉ. विनोद चन्द्र, 204, लेण्डमार्क अपार्टमेन्ट, न्यू हैदराबाद, लखनऊ।
11. श्री एन.एस. बिस्सा, फ्लेट न. 12, ग्राउण्ड फ्लोर, जगदीश विहार-द्वितीय, प्रेम नगर, जगतपुरा, जयपुर (राज.)
12. प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल, संकायाध्यक्ष कला, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
13. डॉ. मीनू पूनिया, संकायाध्यक्ष वाणिज्य, प्राचार्य, डी.ए.वी. पी.जी. महाविद्यालय, श्रीगंगानगर।
14. प्रो.अनिल कुमार छंगाणी,विभागाध्यक्ष पर्यावरण विज्ञान,महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
15. प्रो. राजाराम चोयल, आचार्य, पर्यावरण विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
16. डॉ. भगवानाराम विश्नोई, प्राचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय, बीकानेर।
17. डॉ. अनन्त जोशी, प्राचार्य, बी.जे.एस.आर. जैन विधि महाविद्यालय, बीकानेर।

**विषय :- प्रबन्ध बोर्ड की विशेष बैठक का कार्यवाही विवरण भिजवाने बाबत।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि दिनांक 31-07-2021 को आयोजित प्रबन्ध बोर्ड की विशेष बैठक का कार्यवाही विवरण इस पत्र के साथ संलग्न कर भिजवाया जा रहा है। कृपया उक्त कार्यवाही विवरण में माननीय सदस्य को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित रूप से अवगत कराने की कृपा करे।

संलग्नः कार्यवाही विवरण।

भवदीय,

2/8/2021

(बनवारी लाल सर्वा)

सदस्य सचिव

mycomp/E/Sl/doex3

# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

**दूरभाष:** 0151-2970177 **ई-मेल:** registrar@mgsubikaner.ac.in

प.07( )मगंसिविबी/प्रबन्ध बोर्ड/विशेष बैठक/2021/354 दिनांक 02/08/21

## प्रबन्ध बोर्ड की विशेष बैठक
## कार्यवृत्त (Minutes)

प्रबन्ध बोर्ड की विशेष बैठक दिनांक 31 जुलाई, 2021 को प्रातः 11:00 बजे प्रबन्ध बोर्ड सभागार, महर्षि शौनक भवन (कुलपति सचिवालय) में माननीय कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **प्रो. विनोद कुमार सिंह**<br>महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर | अध्यक्ष |
| 2 | **श्रीमती कृष्णा पूनिया**<br>माननीया विधायक-सादुलपुर | सदस्य |
| 3 | **श्री जगदीश चन्द्र**<br>माननीय विधायक-सादुलशहर | सदस्य |
| 4 | **डॉ. मोहम्मद नईम, संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा**<br>प्रतिनिधि, शासन सचिव, उच्च शिक्षा राज. सरकार, जयपुर | सदस्य<br>(ऑनलाईन माध्यम से) |
| 5 | **श्री वरूण यादव**<br>माननीय कुलाधिपति द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य |
| 6 | **प्रो. कृपाशंकर तिवाडी**<br>माननीय कुलाधिपति द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य<br>(ऑनलाईन माध्यम से) |
| 7 | **डॉ. विनोद चन्द**<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य<br>(ऑनलाईन माध्यम से) |
| 8 | **डॉ. एन.एस. बिस्सा**<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य |
| 9 | **डॉ. भगवानाराम विश्नोई**<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय | सदस्य |
| 10 | **डॉ. अनन्त जोशी**<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत प्राचार्य, निजी महाविद्यालय | सदस्य |
| 11 | **प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल**<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत संकायाध्यक्ष | सदस्य |
| 12 | **डॉ. मीनू पूनियां**<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत संकायाध्यक्ष | सदस्य<br>(ऑनलाईन माध्यम से) |
| 13 | **प्रो. अनिल कुमार छंगाणी**<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत आचार्य | सदस्य<br>(ऑनलाईन माध्यम से) |
| 14 | **प्रो. राजाराम चोयल**<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत आचार्य | सदस्य |
| 15 | **श्री बनवारी लाल सर्वा, कुलसचिव** | सदस्य सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रबन्ध बोर्ड की बैठक में उपस्थित एवं विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जुडे माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। विशेषकर विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड ने नव-मनोनीत सदस्य श्री वरूण यादव का स्वागत किया गया एवं निवर्तमान सदस्य प्रो. लक्ष्मी शर्मा द्वारा प्रबन्ध बोर्ड बैठक एवं विश्वविद्यालय में दिये गए योगदान की सराहना की।

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय में दिनांक 05 फरवरी, 2021 के पश्चात् आयोजित महत्वपूर्ण गतिविधियों से माननीय सदस्यों को अवगत कराया ।

तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

| मद संख्या | विवरण | अनुभाग/विभाग |
|---|---|---|
| 452 | **प्रतिवेदित है कि** कोविड-19 के कारण विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 की धारा 12(6) के प्रावधानानुसार माननीय कुलपति महोदय द्वारा 01 अप्रेल, 2021 से 31 जुलाई, 2021 तक प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदनकी प्रत्याशा में अंतरिम बजट (लेखानुदान) स्वीकृत किया गया। उक्त सम्बन्ध में जारी आदेश क्रमांक प.05(122)लेखा/मगंसिंविबी/2021/1241 दिनांक 30-04-2021 जारी किया गया। उक्त आदेश पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।<br>**परिशिष्ट**-1 (पृष्ठ संख्या :01) | **लेखा** |
| **निर्णय** | **प्रबन्ध बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से आदेश की पुष्टि की गई।** | |
| 453 | वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 की अंकेक्षण रिपोर्ट प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। ।<br>**परिशिष्ट**-2 (पृष्ठ संख्या : 02-37) | **लेखा** |
| **निर्णय** | **प्रबन्ध बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय की वित्तीय वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 की अंकेक्षण रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया।** | |
| 446 | वित्त समिति की बैठक में दिनांक 03-02-2021 का कार्यवाही विवरण प्रबन्ध बोर्ड की 35 वीं बैठक दिनांक 05-02-2021 को मद संख्या 446 में प्रस्तुत किया गया था। तत्समय प्रबन्ध बोर्ड द्वारा आगामी बैठक में उक्त मद पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया।<br>वित्त समिति की बैठक फरवरी माह में आयोजित होने के कारण वित्तीय वर्ष 2020-21 के अनुमानित संशोधन प्रस्तुत किया गया था। वर्तमान में प्रबन्ध बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली अनुशंसा में वित्तीय वर्ष 2020-21 के वास्तविक बजट अनुमोदन का प्रस्ताव प्रेषित किया जा रहा है। साथ ही पूर्व में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट अनुमान में भी संशोधन किया गया है।<br>अतः उपरोक्त के क्रम में वित्त समिति की बैठक दिनांक 23-07-2021 के द्वारा अनुशंसित विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट अनुमान एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 के वास्तविक बजट का प्रस्ताव प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।<br>**परिशिष्ट**-3 (पृष्ठ संख्या : 38-48 | **लेखा** |

**निर्णय**

**प्रबन्ध बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 के वास्तविक व्यय का अनुमोदन करते हुए निम्नलिखित संशोधन के साथ वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट का अनुमोदन किया गया :-**

**(1) भाषा प्रयोगशाला एवं रिसर्च प्रोजेक्ट हेतु प्रस्तावित राशि 100 लाख में संशोधन करते हुए पृथक्-पृथक प्रयोजन करते हुए 100 लाख की राशि रिसर्च प्रोजेक्ट हेतु तथा 25.00 लाख रू. भाषा प्रयोगशाला हेतु आवंटित करने का निर्णय लिया गया।**

**(2) विश्वविद्यालय प्रकाशन हेतु राशि रू. 20.00 लाख का प्रावधान बजट में जोड़ने का निर्णय लिया गया।**

**(3) स्टॉर्टअप एवं इनोवेशन कार्य हेतु राशि रू. 20.00 लाख का प्रावधान बजट में जोड़ने का निर्णय लिया गया।**

**(4)** बजट वर्ष 2021-22 के "Capital Expenditure/ Work" मद के बिन्दु संख्या 31 में प्रस्तावित दो नये एकेडमिक ब्लॉक के सम्बन्ध में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को अवगत कराया गया। जिसके अनुसार इन एकेडमिक भवनों का ब्लॉक्स G+5 के हिसाब से निर्माण किये जाने है जिसमें Landscaping, Fire Fighting System, Center Air Cooling, दिव्यांग के लिए प्रावधान, प्रत्येक ब्लॉक में दो लिफ्ट व आगामी 30 वर्ष की आवश्यकताओं को मध्यनजर रखते हुए नवीन तकनीक को समाहित करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही इसमें प्रति मंजिल पर 200 बैठक क्षमता का आधुनिक Lecture Theater (व्याख्यान सभागार) का निर्माण व आधुनिक क्लास रूम का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में आगामी आवश्यकताओं को मध्यनजर स्तरीय पार्किंग व्यवस्था भी बनाई जानी प्रस्तावित है।

इसी क्रम में प्रस्तावित किया कि उक्तानुसार कार्य की DPR (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बनाने हेतु CPWD के इंजीनियर, विषय विशेषज्ञ (विभागाध्यक्ष स्तर के), एवं वास्तुविद् को सम्मिलित करते हुए समिति का गठन किया जाना प्रस्तावित है। समिति के सदस्य सचिव सम्पदा अधिकारी, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर रहेंगे। इस वित्त वर्ष हेतु शुरूआती बजट का प्रावधान 8 करोड प्रस्तावित किया गया है।

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा उक्त बिन्दु में 800 लाख रूपये के प्रावधान का अनुमोदन किया गया।

उपरोक्तानुसार प्रबन्ध बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2021-22 में 11420.73 लाख रूपये के बजट का अनुमोदन किया गया।

उपरोक्त मदों के अतिरिक्त माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्नानुसार निर्णय लिये गए :-

(1) विश्वविद्यालय के हाल में हुए नैक निरीक्षण से प्राप्त ''सी'' ग्रेड के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय स्तर पर हुई कमियों की जाँच एवं आगामी समय में उच्च ग्रेड प्राप्त करने के लिए सुझाव प्रस्तुत करने हेतु निम्नानुसार समिति गठित करने का निर्णय लिया गया :-

(1) श्री जगदीश चन्द्र, माननीय विधायक-सादुलशहर एवं प्रबन्ध बोर्ड सदस्य

(2) डॉ. मोहम्मद नईम, संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप-4) विभाग, राज. सरकार नामित सदस्य - शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राज. सरकार

(3) डॉ. विनोद चन्द्रा, माननीय सदस्य- प्रबन्ध बोर्ड

साथ ही उपरोक्त समिति प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय में साइकिलिंग वेलोड्रम का नामकरण श्री राजीव गाँधी के नाम से करने के उपरान्त भी प्रस्तावित कार्ययोजना में नाम का उल्लेख नहीं करने की भी जाँच करेंगी।

(2) विश्वविद्यालय के नैक निरीक्षण के दौरान निरीक्षण टीम द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट समस्त सदस्यों को भिजवाने का निर्णय लिया गया।

(3) प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की मूर्ति स्थापित करवाने का कार्य 02 अक्टूबर, 2021 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये।

(4) विश्वविद्यालय में बनाये जाने वाले सिंथेटिंक एथेलेटिक ट्रैक के सम्बन्ध में माननीय सदस्य श्रीमती कृष्णा पूनियां जी से वार्ता कर एक सप्ताह की अवधि में बैठक आयोजित कराने का निर्णय लिया गया।

(5) माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में समिति गठित कर साक्षात्कार के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभागों में अतिथि शिक्षकों की सेवाएं लेने का निर्णय लिया गया।

(6) विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत प्रदान की जाने वाली सहायता प्रबन्ध बोर्ड से अनुमोदन पश्चात् दी जाए। साथ ही कोविड़ के दौरान राजकीय पी.बी.एम. हॉस्पीटल को मेडिकल उपकरण हेतु प्रदान की गई सहायता राशि 1.00 करोड़ की पुष्टि की गई।

(7) विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली महत्वपूर्ण गतिविधियों की सूचना प्रबन्ध बोर्ड सदस्यों को प्रदान की जाए।

(8) विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्मार्ट क्लास एवं केन्द्रीय पुस्तकालय का उपयोग ऑनलाईन माध्यम से सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अध्ययन कराने के लिए भी लिया जाए।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(बनवारी लाल सर्वा)
सदस्य सचिव